Australian Government
Department of Employment and Workplace Relations

स्किल्स असेसमेंट पायलट

योग्यताओं के निःशुल्क और त्वरित (तेज़ गति से) आकलन

यदि आप ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले एक प्रवासी हैं, तो आप माइग्रेंट्स पायलट कार्यक्रम के तहत अपने कौशल के आकलन के अवसरों में भाग लेने के लिए पात्र हो सकते/ती हैं।

क्या पेश किया जा रहा है?

ऑस्ट्रेलिया में रह रहे प्रवासियों के, उच्च-माँग उद्यमों से संबंधित कौशल, योग्यताओं, या अनुभव का निःशुल्क और त्वरित (तेज़ गति से) आकलन।

कौशल के आकलन से आपको अपनी पसंद की नौकरी ढूँढने में सहायता मिल सकती है

कौशल के आकलन में आपके कौशल, योग्यताओं, या अनुभव का आकलन किया जाता है।

आकलन सफल होने का अर्थ होगा कि आपके कौशल को ऑस्ट्रेलिया में मान्यता प्राप्त है।

कतारों में खड़े होने से बचें - अपने कौशल के आकलन का काम जल्दी से पूरा करवाएँ।

सभी आवश्यक दस्तावेज़ देने के बाद, आपको अपने कौशल के आकलन का परिणाम लगभग 15 कार्य-दिवसों में प्राप्त हो जाएगा।

आप पात्र हो सकते/ती हैं यदि:

- ✓ आपके पास किसी **पात्र उद्यम** में कौशल, अनुभव और/या योग्यताएँ हैं
- ✓ आपने अपने चुने हुए उद्यम के लिएअब तक अपने कौशल का आकलन नहीं करवाया है
- ✓ आप एक पात्र **परिवार, पार्टनर, शरणार्थी, या मानवीय (ह्मेनिटेरियन) वीज़ा** पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहे/ही हैं, और आपका वीज़ा 1 जनवरी 2016 को या उसके बाद दिया गया था।

इस पायलट के लिए आवेदन कैसे करें:

आपके कौशल, योग्यताओं, या अनुभव से संबंधित सबसे उपयुक्त **उद्यम के लिए आकलन अथॉरिटी (प्राधिकरण)** से संपर्क करें।

कौशल का आकलन करने का उत्तरदायित्व, आकलन प्राधिकरणों का होता है और अलग-अलग उद्यमों के लिए आकलन करने के लिए अलग-अलग प्राधिकरण होते हैं।

आपके आकलन प्राधिकरण द्वारा यह जाँच की जाएगी कि आप पात्र हैं या नहीं।

जल्दी करें, यह एक सीमित अवसर है - **आज ही आवेदन करें!**

अधिक जानकारी के लिए:

स्किल्स असेसमेंट पायलट्स वेबसाइट पर जाएँ:

www.dewr.gov.au/skills-assessment-pilots

अधिक जानकारी पाएँ